हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-


वर्ष: २ | अंक: 11 | पृष्ठ: 8 | शुक्रवार, 26 अगस्त से 01 सितंबर 2022

# ऑपरेशन लोटस फेल का दावा करने वाली AAP का कुछ विधायकों से कटा संपर्क

**नई दिल्ली:** दिल्ली में आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच सियासी घमासान जारी है। आप ने बीजेपी पर अपने विधायकों की खरीद-फरोख्त का आरोप लगाया है। इसी बीच पार्टी का अपने कई विधायकों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने इस बात को स्वीकार किया है। हालांकि, उन्होंने यह भी उम्मीद जताई है कि बैठक शुरू होने तक सभी आ जाएंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी के खिलाफ आगे की रणनीति तय करने के लिए सुबह 11 बजे अपने आवास पर बैठक बुलाई है। इससे पहले पार्टी ने बीजेपी पर ऑपरेशन लोटस चलाने का आरोप लगाते हुए कहा था कि उसने इसे फेल कर दिया है। 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा में आप के 62 विधायक हैं। आप नेताओं ने पहुंच से बाहर हुए विधायकों के नामों का खुलासा नहीं किया और ना ही यह बताया



है कि कितने विधायक पहुंच से बाहर हैं, लेकिन उनका कहना है कि पार्टी लगातार उन तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। आप नेता दिलीप पांडे, सौरभ भारद्वाज और आतिशी मालेर्ना ने कुछ विधायकों से संपर्क नहीं होने की बात स्वीकार की है। उन्होंने यह भी भरोसा जताया है कि सभी बैठक में पहुंच जाएंगे। दिलीप पांडे ने कहा, ह्यह्लबीजेपी हर विधायक को 20 करोड़ ऑफर कर रही है और 40 विधायक तोड़ने की कोशिश है तो इसका मतलब 800 करोड़ लेकर खड़ी है। बीजेपी के पास यह कालाधन कहां से आया। सीबीआई और ईडी से इसकी जांच होनी चाहिए। विधायकों के संपर्क से जहां तक बात है, मुझे उम्मीद है कि सभी संपर्क में आ जाएंगे, जिनसे बात नहीं हो पा रही है, उनसे भी बात हो जाएगी। सभी विधायकों से बात की जा रही है। कल सभी को मैसेज भेजा गया है। मुझे उम्मीद है कि बैठक शुरू होने तक सभी आ जाएंगे ह्लह्लबुधवार को आप विधायकों- सोमनाथ भारती, संजीव झा, अजय दत्त और कुलदीप कुमार ने राज्यसभा सांसद संजय सिंह के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की।






# बांबे हाई कोर्ट ने कहा-महिलाएं हैं कमजोर वर्ग, उन्हें अधिक सुरक्षा की जरूरत

**मुंबईः** महाराष्ट्र में बांबे हाई कोर्ट ने एक महिला की अपील पर वैवाहिक विवाद के मामले को पुणे से मुंबई ट्रांसफर करते हुए कहा कि कानून महिला वर्ग को समाज का कमजोर तबका मानता है। इसीलिए उन्हें अधिक सुरक्षा व संरक्षा दिए जाने की जरूरत है। इसी के तहत उनकी असुविधाओं को भी वरीयता पर रखा जाना चाहिए।जस्टिस एसएम मोदक की एकल पीठ ने विगत 17 अगस्त को एक महिला और उनके अलग हो चुके पति की दो याचिकाओं पर आदेश जारी किया। इस आदेश की प्रति सोमवार को उपलब्ध कराई गई। वैवाहिक विवाद में फंसे इस दंपती ने पुणे और ठाणे की स्थानीय अदालतों में दो याचिकाएं दायर की थीं।पुणे निवासी पति ठाणे




में दर्ज याचिका को हस्तांतरित कराना चाहता था और मुंबई की महिला मामले को पुणे के केस को ठाणे में ट्रांसफर करना चाहती थी। पति का कहना था कि वह दो नाबालिक बच्चों को अपनी मां और बहन की मदद से संभाल रहा है। इसलिए वह बार-बार ठाणे नहीं जा सकता। जबकि पत्नी ने अपनी याचिका में कहा कि वह बेरोजगार है और पुणे यात्रा नहीं कर सकती। इस पर जज मोदक ने महिला के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि चूंकि पति और उनके परिवार ने बच्चों की देखरेख के अलावा कोई और वजह नहीं दी है, इसलिए महिला याचिकाकर्ता की असुविधा को अधिक वरीयता दी जाती है। चूंकि महिलाओं को कमजोर वर्ग से माना जाता है और उन्हें अधिक सुरक्षा की जरूरत है। बांबे हाई कोर्ट ने एक अन्य मामले में कहा था कि किसी लड़की की लड़के से दोस्ती करने को यौन संबंध की सहमति नहीं माना जा सकता है। कोर्ट ने शादी का झांसा देकर महिला से संबंध बनाने के आरोपित शख्स की गिरफ्तारी से पहले की जमानत याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति भारती डांगरे की अध्यक्षता वाली एकल पीठ ने यह बात कही।

उन्होंने शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी शहर निवासी आशीष चकोर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# शिवसेना सांसद संजय राउत की न्यायिक हिरासत 5 सितंबर तक बढ़ी



**मुंबईः** पात्रा चॉल भूमि घोटाला मामले में शिवसेना सांसद संजय राउत की न्यायिक हिरासत सोमवार को 5 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक कोर्ट में शुरूआती सुनवाई के बाद राउत की न्यायिक हिरासत 22 अगस्त तक वैध थी लेकिन 22 अगस्त सोमवार को स्पेशल प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट कोर्ट ने उनकी हिरासत 5 सितंबर तक बढ़ा दी है। बता दें कि इससे पहले 1 अगस्त को राउत को इसी मामले में 4 अगस्त तक प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) की हिरासत में भेजा गया था। गिरफ्तारी के बाद उसी दिन ईडी ने उन्हें विशेष सत्र अदालत में पेश किया। ईडी के अधिकारियों ने 31 जुलाई को शिवसेना नेता के घर पर छापा मारा और कई घंटों तक हिरासत में रखने और पूछताछ करने के बाद 1 अगस्त को उन्हें गिरफ्तार किया था।




# उद्धव ठाकरे की मुख्यमंत्री पद की मांग पर राज ने उठाए सवाल



**मुंबई।** शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे भाजपा पर बार-बार आरोप लगाते हैं कि उसने उन्हें ढाई साल मुख्यमंत्री पद देने का वायदा पूरा नहीं किया। इसलिए उन्हें उससे गठबंधन तोड़ना पड़ा। मंगलवार को उद्धव के इस आरोप पर उनके ही चचेरे भाई राज ठाकरे ने सवाल उठा दिए हैं।महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने मंगलवार को दादर स्थित रवींद्र नाट्य मंदिर में अपने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उद्धव से पूछा कि शिवसेना को ढाई साल के लिए मुख्यमंत्री पद देने का समझौता कब हुआ था? राज ठाकरे ने कहा कि स्वर्गीय बालासाहब ठाकरे एवं भाजपा नेताओं ने मिलकर तय किया था कि जिसकी सीटें ज्यादा आएंगी, उसका मुख्यमंत्री बनेगा और जिसकी कम आएंगी, उसका उपमुख्यमंत्री। राज के अनुसार जब वह शिवसेना में थे, तो ऐसी कई बैठकों में खुद शामिल भी हुए थे। फिर अब ऐसी किसी मांग का आधार क्या है?शिवसेना नेता अक्सर कहते हैं कि उद्धव ठाकरे और वर्तमान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बीच उद्धव ठाकरे के निजी निवास मातोश्री पर ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्री पद बंटवारे का समझौता हुआ था। जबकि भाजपा लगातार ऐसे किसी समझौते से इंकार करती रही है। राज कहते हैं कि यह जानने का कोई जरिया नहीं है कि कौन सच बोल रहा है। लेकिन वह फिर अपने बड़े भाई उद्धव से सवाल करते हैं कि जब चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा-शिवसेना की संयुक्त सभा में नरेंद्र मोदी और अमित शाह सत्ता में आने पर देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा कर रहे थे, तो आपने आपत्ति क्यों नहीं उठाई? उन्हें तभी यह बात उठानी चाहिए थी कि उनके साथ वायदाखिलाफी की जा रही है।

राज ठाकरे ने इन सवालों के साथ ही अपने चचेरे भाई उद्धव ठाकरे पर जनादेश का सम्मान न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में जनादेश भाजपा-शिवसेना गठबंधन को मिला था। राज ने ऐसी पार्टियों को सबक सिखाने का आह्वान भी मतदाताओं से किया, जो जनादेश का सम्मान नहीं करतीं। उन्होंने महाराष्ट्र की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इस समय यहां जो चल रहा है वह समझ से परे है। अब तो यह भी पता नहीं चलता कि कौन कहां था ?

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ने ऐसी राजनीतिक कभी नहीं देखी, जो यहां पिछले ढाई वर्षों से हो रही है। यह राजनीति नहीं, बल्कि सत्ता और धन का अस्थायी 'एडजस्टमेंट' है। मतदाताओं ने अपनी पसंद के आधार पर लोगों को वोट दिया था। लेकिन अब उन्हें खुद पता नहीं है कि उनके द्वारा चुने गए लोग किसके साथ हैं। जिन पार्टियों को लोगों ने सत्ता से बाहर करने के लिए मतदान किया था, वे उन पार्टियों के साथ आ गईं, जिन्हें सत्ता के लिए मतदान किया गया था।राज ठाकरे ने भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा) का समर्थन करते हुए कहा कि नूपुर ने वही कहा है जो इस्लामी उपदेशक जाकिर नाईक भी कहता रहा है। राज ने कहा कि नूपुर शर्मा ने जो कुछ कहा, उसके लिए उन्होंने माफी मांग ली। उन्हें निलंबित भी कर दिया गया। लेकिन मैं उनका समर्थन करता हूं। वह कुछ भी अपने मन से नहीं बोल रही थी।

## मुंबई में शिवसेना के खिलाफ एकजुट हुई बीजेपी-कांग्रेस, शिंदे सरकार से CBIजांच की मांग



**मुंबई।** कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद मिलिंद देवड़ा ने बुधवार को आरोप लगाया कि नगर निगम ने पिछले पांच सालों में मुंबई की सड़कों के लिए 12,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने मांग की कि मुंबई के साथ किए गए भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच कराई जाए। बीजेपी के बाद अब महाविकास अघाड़ी में शामिल कांग्रेस ने भी मुंबई में सड़कों के मुद्दे पर शिवसेना पर परोक्ष रूप से निशाना साधा है। मिलिंद देवड़ा ने ट्वीट कर कहा कि मुंबई नगर निगम ने 2017 से 2022 तक पांच साल में सड़कों के लिए करीब 12,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यह राशि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के बजट का लगभग 10 प्रतिशत है। हालांकि, हर साल मुंबईकरों को सड़क के गड्ढों की समस्या का सामना करना पड़ता है। मिलिंद देवड़ा ने कहा कि मुंबई को यह जानने का हक है कि देश की सबसे अमीर नगर पालिका को कौन लूट रहा है। देवड़ा ने भ्रष्टाचार की श्रृंखला की सीबीआई जांच की मांग की।

राज्य सरकार के पास इस मामले की जांच करने और मुंबई नगर निगम में भ्रष्टाचार का पदार्फाश करने का भी अधिकार है।साथ ही उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या महाराष्ट्र सरकार के पास सीबीआई की जांच करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति है।

## 5 जजों की संविधान पीठ करेगी शिवसेना का फैसला, सुप्रीम कोर्ट ने मामला सौंपा




नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में शिवसेना विवाद पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को 5 जजों की संविधान पीठ को सौंप दिया है।

इस मामले की सुनवाई गुरुवार को होगी। साथ ही कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खेमे द्वारा 'असली शिवसेना' पार्टी के रूप में मान्यता देने और उसे चुनाव चिह्न आवंटित करने के लिए दायर आवेदन पर गुरुवार तक कोई कार्रवाई न करे। कोर्ट में सुनवाई से पहले महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने कहा था कि कोर्ट में जो होगा वो देखा जाएगा। न्यायपालिका पर मुझे पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा था कि जनभावना मेरे साथ है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में अभी तक तीन बार सुनवाई हुई है। इस मामले को लेकर दोनों पक्षों के वकील अपनी-अपनी दलीलें दे चुके हैं। हालांकि अभी तक इस मामले की सुनवाई पूरी नहीं हुई है। चीफ जस्टिस की इसी महीने रिटायरमेंट भी हैं ऐसे में माना जा रहा है कि इस मामले में फैसला पहले आ सकता है।याचिका में एकनाथ शिंदे, भरतशेट गोगावले, संदिपानराव भुमरे, अब्दुल सत्तार, संजय शिरसाट, यामिनी जाधव, अनिल बाबर, बालाजी किणीकर, तानाजी सावंत, प्रकाश सुर्वे, महेश शिंदे, लता सोनवणे, चिमणराव पाटिल, रमेश बोरनारे, संजय रायमूलकर और बालाजी कल्याणकर, को अयोग्य घोषित करने की मांग की गई है।

# संपादकीय



संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला

## आतंक का नया रास्ता

भारत में आत्मघाती हमले की तैयारी कर रहे इस्लामिक स्टेट के एक आतंकी का रूस में पकड़ा जाना खतरे की एक नई घंटी है। यह शायद पहली बार है, जब कोई आतंकी रूस के रास्ते भारत आकर आतंकवादी हमले को अंजाम देने की फिराक में था। रूस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पकड़ा गया आतंकी मध्य एशिया का है और उसने तुर्किये में प्रशिक्षण प्राप्त किया था। इसका मतलब है कि तुर्किये आतंकियों के प्रशिक्षण का अड्डा बना हुआ है। ध्यान रहे कि राष्ट्रपति एर्दोगन के सत्ता में आने के बाद से तुर्किये में चरमपंथ बढ़ा है।

एक समय था, जब दुनिया भर से मुस्लिम युवा इस्लामिक स्टेट के आतंक में हाथ बंटाने के लिए तुर्किये के रास्ते ही सीरिया और फिर वहां से इराक पहुंचते थे। तुर्किये की इस्लामिक स्टेट के प्रति नरमी किसी से छिपी नहीं। एक तथ्य यह भी है कि राष्ट्रपति एर्दोगन जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद से किस तरह पाकिस्तान के भारत विरोधी एजेंडे में उसका साथ देने में लगे हुए हैं। वह सऊदी अरब के वर्चस्व को चुनौती देकर इस्लामी जगत का अगुआ बनने के लिए भी बेचैन हैं।

भारत को रूस से और अधिक जानकारी हासिल करने के साथ इसकी भी पड़ताल करनी होगी कि कहीं तुर्किये भारत विरोधी तत्वों का नया अड्डा तो नहीं बन रहा है और इसमें पाकिस्तान की भूमिका तो नहीं? भारतीय खुफिया एजेंसियों को इसकी भी तह तक जाना होगा कि रूस में पकड़े गए आतंकी का भारत में संपर्क सूत्र कौन था और वह किसकी मदद से सत्ताधारी दल के किसी बड़े नेता को निशाना बनाने की तैयारी कर रहा था? यह संभव नहीं कि मध्य एशिया का कोई आतंकी स्थानीय तत्व की सहायता के बगैर भारत में आत्मघाती हमले की साजिश रच रहा हो। रूस में पकड़े गए आतंकी के भारत स्थित मददगारों के सक्रिय होने की आशंका इसलिए भी है, क्योंकि केरल, कर्नाटक और देश के दूसरे हिस्सों से इस्लामिक स्टेट के कई आतंकी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इनमें से कुछ ऐसे हैं, जो अफगानिस्तान जाने की ताक में थे। भारत इसकी अनदेखी नहीं कर सकता कि अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट की सक्रियता तेजी से बढ़ रही है और फिलहाल यह नहीं कहा जा सकता कि तालिबान इस आतंकी समूह पर लगाम लगाने में सक्षम है। भारतीय खुफिया एजेंसियों को देश के भीतर सक्रिय उन तत्वों पर भी नजर रखनी होगी, जिन्होंने नुपुर शर्मा प्रकरण को लेकर मुस्लिम देशों में भारत के खिलाफ माहौल बनाने का काम किया। यह चिंता की बात है कि इंटरनेट मीडिया न केवल दुष्प्रचार में सहायक बन रहा है, बल्कि कट्टरता को बढ़ावा देने के साथ आतंकियों की भर्ती में भी।

# तनातनी की सियासत का तेज होना



पिछले कुछ दिनों से आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच तनातनी बढ़ती जा रही है। वास्तव में, आपसी तकरार का यह तीसरा दौर है। इसका पहला चरण 2012 में आप के जन्म के साथ ही शुरू हो गया था। यह दौर 2015-16 तक चला, जिसमें विरोधी पार्टी के नेताओं को लगातार निशाने पर लिया जाता रहा। खुद अरविंद केजरीवाल 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी (भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार) के खिलाफ वाराणसी गए थे। आपसी टकराव का दूसरा दौर 2017 में शुरू हुआ, जब दिल्ली में स्थानीय निकाय के चुनाव हुए। इसमें हार के बाद आप का रुख थोड़ा नरम हुआ और उसके नेता सीधे तौर पर प्रधानमंत्री को निशाने पर लेने से बचने लगे। यह दौर कमोबेश 2020 तक चला। दो साल पहले दिल्ली में विधानसभा चुनाव के समय तकरार फिर से बढ़ने लगी, जिसने इस साल पंजाब में आप की जीत के बाद नया रूप ले लिया है। अब आप खुद को राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी पार्टी के तौर पर पेश करने लगी है।दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री पर सीबीआई की दबिश को भी जनता के बीच या राजनीतिक गलियारे में दो पार्टियों के बीच की तकरार ही माना जा रहा है। हालांकि, अभी कथित शराब घोटाले की गुत्थियां सुलझनी बाकी हैं। वैसे, इन हालात में आप स्वाभाविक ही अपने लिए मौके तलाश रही होगी, खासकर यह देखते हुए कि कांग्रेस पार्टी का आधार लगातार सिमटता जा रहा है। चंद महीनों के भीतर ही हिमाचल और गुजरात के महत्वपूर्ण विधानसभा चुनाव हैं और आप दोनों जगह पूरा जोर लगा रही है। लेकिन क्या वाकई वह राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का विकल्प बन गई है?

इसमें दोराय नहीं कि आप अभी उभार पर है। पंजाब विधानसभा चुनाव जीतने के बाद उसे राष्ट्रीय मीडिया में लगातार जगह मिल रही है। मतदाताओं में इस पार्टी और अरविंद केजरीवाल को लेकर उत्सुकता बढ़ रही है। एक सर्वे के मुताबिक, साल 2019 में जहां राष्ट्रीय स्तर पर इसका वोट शेयर एक से दो फीसदी था, वह अब बढ़कर सात से आठ फीसदी तक पहुंचता दिख रहा है। मगर अभी वह राष्ट्रीय राजनीति में मुख्य विपक्षी पार्टी शायद ही बन सकेगी।

दिल्ली व पंजाब में बेशक उसका आधार मजबूत हो चुका है, पर अन्य राज्यों में उसे अभी जमीन की तलाश है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, और गोवा के हालिया विधानसभा चुनावों में उसका प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। उत्तर प्रदेश में तो 300 से भी ज्यादा सीटों पर उसके उम्मीदवारों की जमानत तक जब्त हो गई थी।

आप की यह महत्वाकांक्षा विपक्षी एकता पर भी भारी पड़ रही है। भले ही विपक्षी पार्टियों का मकसद भाजपा को हराना है, पर विशेषकर आप और तृणमूल कांग्रेस खुद को बड़े दल के रूप में पेश करना चाहती हैं। उनमें होड़ सी मची है कि राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य विपक्षी पार्टी कौन? चूंकि संसाधन जुटाने के लिए खुद को बडे.दल के रूप में पेश करना जरूरी है, इसलिए आम आदमी पार्टी हवा को अपने पक्ष में करने के लिए सीबीआई जांच को एक मौके के रूप में देख रही है। हालांकि, आप और भाजपा के बीच जितनी गहरी खाई है, कमोबेश उतना ही बड़ा फासला आप और कांग्रेस के बीच भी है। कांग्रेस की लोकप्रियता में जहां-जहां कमी आई है, आप उन-उन जगहों पर जाने को उत्सुक है, ताकि वह कांग्रेस की कमजोरी का फायदा उठा सके। लेकिन वह इसमें कितना सफल होगी या हिमाचल व गुजरात में वह भाजपा से आगे निकल पाएगी, इसका विश्लेषण अभी मुश्किल है।

हां, वह कांग्रेस के वोट में जरूर सेंध लगा सकती है और अगर ऐसा होता नजर आया, तो 2024 में एक बड़ी पार्टी के रूप में उभरने की उसकी दावेदारी मजबूत हो जाएगी। फिर भी, वह मुख्य विपक्षी पार्टी शायद ही बन सकेगी, क्योंकि पंजाब व दिल्ली में पूरी तरह से जीत हासिल करने के बाद भी लोकसभा में उसके हिस्से चंद सीटें ही आ सकती हैं।

इन सबके बावजूद इस आरोप से भी मुंह नहीं फेरा जा सकता कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग होता है। भारतीय राजनीति में काफी समय से इन संस्थाओं का सियासी इस्तेमाल होता रहा है। मगर क्या आम आदमी पार्टी के मंत्रियों के खिलाफ मौजूदा कार्रवाई इसी की कड़ी है? इसका सही-सही जवाब नहीं दिया जा सकता, यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा। मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 15 अगस्त के भाषण को सुनें, तो दो बातें निकलकर सामने आती हैं। पहली, केंद्र सरकार की प्राथमिकता है भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था। और दूसरी बात, वंशवाद पर हमला। ये दोनों भारतीय राजनीति की बड़ी समस्याएं हैं, लेकिन हो सकता है कि भाजपा इससे राजनीतिक फायदा उठाना चाह रही हो, यानी इसके बहाने वह विपक्ष को नुकसान पहुंचाने की ताक में हो। भारतीय राजनीति में सक्रिय ज्यादातर पार्टियां वंशवाद की पोषक हैं और आप की लोकप्रियता का एक आधार यही है कि वह भ्रष्टाचार को खत्म करने संबंधी आंदोलन से उपजी है। ऐसे में, अगर भाजपा आम लोगों के बीच यह धारणा बनाने में सफल हो गई कि साफ-सुथरी राजनीति का दावा करने वाली आप के बड़े नेता भी भ्रष्टाचार से अछूते नहीं हैं, तो आप के पक्ष में देश भर में बन रहा माहौल नकारात्मक रूप से प्रभावित होगा।

जाहिर है, मौजूदा घटनाक्रम पिछले कुछ वर्षों से देश में बढ़ रहे राजनीतिक विद्वेष का नमूना भी हो सकता है। अपने देश में राजनीतिक ध्रुवीकरण बढ़ा है।

# सोनाली फोगाट मौत मामले में गोवा पुलिस की कार्रवाई, पीए सुधीर सागवान गिरफ्तार



**पणजी:** बिग बॉस की प्रतियोगी और भाजपा नेता रह चुकीं सोनाली फोगाट की मौत के मामले में गोवा पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया है। पीटीआई के मुताबिक डिप्टी एसपी जिवबा दालवी ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है जिनका नाम सुधीर सागवान और सुखविंदर वासी है। बताया जा रहा हैकि सुधीर सागवान सोनाली फोगाट का पीए था और वही फोगाट को अस्पताल ले गया था।

सोनाली फोगाट के भाई रिंकू ढाका ने सुधीर और सुखविंद के खिलाफ शिकायत की थी। गुरुवार को सोनाली के शव का पोस्टमॉर्टम किया गया था। रिपोर्ट हैरान करने वाली थी। उनके शरीर पर चोट के निशान पाए गए थे। सोनाली के रिश्तेदार के मुताबिक पोस्टमॉर्टम के बाद सुधीर सागवान और सुखविंदर वासी के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 (हत्या) के तहत केस दर्ज किया गया था। सोनाली की मौत के बाद से ही उनके परिवार के लोग सुधीर सागवान पर ही शक कर रहे थे। गोवा पुलिस ने भी इस बात को स्वीकार किया था कि सुधीर ने ही उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। परिवार ने आरोप लगाए थे कि सुधीर सोनाली को नशा देता था और शारीरिक शोषण करता था। वह सोनाली को धमकी भी देता रहता था। परिवार का कहना है कि सोनाली की संपत्ति हड़पने के लिए उनके पीए ने ही हत्या की है। सोनाली के भाई ने बताया कि एक बार सोनाली ने कहा था कि सुधीर ने उन्हें खाने में खीर दी थी और इसके बाद उनकी सेहत बिगड़ गई थी। इस मामले में सुधीर ने सही जवाब नहीं दिया था। वहीं सोनाली के घर पर कई बार चोरी भी हुई थी जिसमें उनके जरूरी दस्तावेज चले गए। सुधीर के पास सोनाली के फोन तक रहता था। परिवार का आरोप है कि वह अपनी मर्जी से परिवार से भी बात नहीं कर पाती थीं। गुरुवार को सोनाली फोगाट के शव का पोस्टमॉर्टम किया गया और इसकी पूरी वीडियोग्राफी भी कराई गई। इस दौरान सोनाली के भाई और जीजा अमन पूनिया अस्पताल में थे। डीजीपी ने कहा है कि एफआईआर दर्ज करके पूछताछ और छानबीन की जाएगी। टिकटॉक से अपनी पहचान बनाने वाली सोनाली फोगाट भूथन कलां की रहने वाली थीं। उनकी शादी संजय फोगाट के साथ हुई थी और उनकी एक बेटी भी है। साल 2016 में संदिग्ध परिस्थितियों में संजय की मौत हो गई थी। उनका शव फार्म हाउस में पाया गया था। बिगबॉस में सोनाली ने बताया था

# RJD नेताओं के ठिकानों पर सीबीआई रेड




**पटना:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लैंड फॉर जॉब स्कैम में आरजेडी नेताओं के यहां सीबीआई की छापेमारी को लेकर चुटकी ली है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि आगे देखते जाइए क्या-क्या होता है। सीबीआई ने बुधवार को बिहार समेत देशभर में दो आरजेडी सांसदों, एमएलसी समेत अन्य नेताओं के 30 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। बताया जा रहा है कि आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के करीबियों के यहां रेड की कार्रवाई गुरुवार को भी जारी है। सीएम नीतीश कुमार ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल की जयंती के मौके पर उनकी मूर्ति पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने सीबीआई छापेमारी पर प्रतिक्रिया दी। जब उनसे आरजेडी नेताओं के यहां सीबीआई रेड को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने मुस्कुराते हुए चुटकी ली और कहा कि देखते जाइए क्या-क्या होता है। बता दें कि रेलवे में जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में सीबीआई ने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी समेत अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। आरोप है कि लालू यादव के रेल मंत्री रहते हुए भर्ती घोटाला हुआ।

# नशे के सौदागरों की 341 करोड़ की संपत्ति कुर्क, सीएम योगी के निर्देश पर पुलिस ने तेज की कार्रवाई



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के गठन के साथ ही पुलिस ने मादक पदार्थ व अवैध शराब का काला कारोबार करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का दायरा बढ़ाया जा रहा है। गोवंश तस्करों के विरुद्ध भी अभियान के तहत कार्रवाई शुरू की गई है।यूपी स्पेशल टास्क फोर्स ने बीते 23 दिनों में 12 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 549 किलोग्राम गांजा, दो किलोग्राम अफीम व 210 ग्राम मारफीन बरामद की है। पुलिस ने अलग-अलग जिलों में अभियान के तहत की गई कार्रवाई में अब तक साढ़े पांच करोड़ से अधिक कीमत के मादक पदार्थ जब्त किए हैं।एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि इस वर्ष सात माह में अवैध शराब/मादक पदार्थ का कारोबार करने वाले चिन्हित माफिया के विरुद्ध 4917 मुकदमे दर्ज कर 617 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें 10 आरोपितों के विरुद्ध रासुका व 473 के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई। ऐसे 226 प्रकरणों में माफिया की काली कमाई से जुटाई गई 341 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की गई है। एक जनवरी से 31 जुलाई के मध्य प्रदेश में मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध 6006 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने 6692 आरोपितों को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किये।इसी अवधि में अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध 50615 मुकदमें दर्ज कर 50094 आरोपितों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 3.32 लाख लीटर से अधिक अवैध अंग्रेजी शराब व 11.48 लाख लीटर से अधिक देशी शराब बरामद की गई।पुलिस ने गोवंश तस्करों के विरुद्ध भी कार्रवाई तेज की है। सात माह में पुलिस ने उनके विरुद्ध 2733 मुकदमे दर्ज कर 348 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें 16 आरोपितों के विरुद्ध रासुका व 312 के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है। गोवंश तस्करी के 103 प्रकरणों में आरोपितों की 30.13 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की गई है।

# पीएम मोदी ने किया न्यू चंडीगढ़ में उद्घाटन, कहा- देश के हर जिले में मेडिकल कालेज खोलने की योजना




**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यू चंडीगढ़ स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल का उद्घाटन कर दिया है। इस अस्पताल का लाभ सात राज्यों पंजाब, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड को होगा।

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए उसकी स्वास्थ्य सेवाओं का भी विकसित होना उतना ही जरूरी है। जब भारत के लोगों को इलाज के लिए आधुनिक अस्पताल मिलेंगे, आधुनिक सुविधाएं मिलेंगीं, तो वो और जल्दी स्वस्थ होंगे। उनकी ऊर्जा सही दिशा में लगेगी।

पीएम ने कहा, अच्छे हेल्थकेयर सिस्टम का मतलब सिर्फ चार दीवारें बनाना नहीं होता। किसी भी देश का हेल्थकेयर सिस्टम तभी मजबूत होता है, जब वो हर तरह से समाधान दे, कदम-कदम पर उसका साथ दे, इसलिए बीते आठ वर्षों में देश में होलिस्टिक हेल्थकेयर को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रखा गया है प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में देश नई उंचाइयों को प्राप्त करने के लिए बढ़ रहा है। होमी भाभा कैंसर अस्पताल व रिसर्च सेंटर से पंजाब-हरियाणा के साथ भी हिमाचल प्रदेश के लोगों को भी लाभ होने वाला है। मैं आज इस धरती का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। पंजाब स्वतंत्रता सेनानियों, अपनी परंपरा को पंजाब ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत भी समृद्ध रखा है पीएम मोदी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए वह धन्यवाद करते हैं।

## कविता

# कहै कबीर दीवाना-ओशो




कोई ताबीज बांध दिया? मामला क्या है? इसमें हमको तो कुछ दिखाई नहीं पड़ता। शिष्य भी गुरु के संबंध में कुछ नहीं समझा पाता। कोई प्रमाण नहीं दे सकता। कुछ अप्रमाण उसे घटा है। कुछ बिना प्रमाण के घटा है। कुछ देखा है, बस देखा है। उस देखने में वह मोहित हुआ है। परमात्मा के प्रति विरह जगता है, जब तुम गुरु के पास आते हो।

जैसे-जैसे गुरु के प्रति प्रेम बढ़ता है, वैसे-वैसे परमात्मा की तरफ विरह बढ़ता है--यह सूत्र है। यह सार समझ लेना। जैसे-जैसे गुरु के प्रति प्रेम बढ़ता है, वैसे-वैसे परमात्मा के प्रति विरह की अग्नि जलती है। धीरे-धीरे गुरु तुम्हें तड़फा देता है। गुरु तुमसे सब छीन लेता है, जो कल तुम्हारा सुख था। सब छीन लेता है, जो कल तक तुम्हारा प्रेम था। सब छीन लेता है। तुम्हारी नींद छीन लेता है, तुम्हारा चैन छीन लेता है। जैसे-जैसे गुरु के प्रति प्रेम बढ़ता है, वैसे-वैसे परमात्मा की विरह जगती है। **जारी...**

# डैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए इस्तेमाल करें नारियल तेल और नींबू,बाल बनेंगे सिल्की

बालों में डैंड्रफ होना एक आम समस्या है। बहुत से लोगों को डैंड्रफ और बालों के रूखेपन की परेशानी रहती है। इसके कारण आपके स्कैल्प में खुजली और जलन की दिक्कत हो सकती है। इससे निपटने के लिए आप नारियल तेल और नींबू का इस्तेमाल कर सकते हैं। नारियल तेल बालों को जड़ों से मॉइस्चराइज करता है और उन्हें रूखा होने से बचाता है। यह त्वचा की नमी को ब्लॉक करके रखता है। वहीं नींबू आपके स्कैल्प की गंदगी को साफ करने और पोषक प्रदान करने में मददगार साबित हो सकते हैं। दरअसल नारियल तेल में कैल्शियम, मैग्नीशियम, एंटीबैक्टीरियल, एंटीइंफ्लेमेटरी, विटामिन्स और मिनरल्स पाए जाते हैं। नींबू में पोटैशियम, विटामिन सी, ए, जिंक, एंटीऑक्सीडेंट और एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। यह बालों को स्वस्थ बना सकता है। साथ ही उन्हें लंबा और घना बनाने में भी मददगार साबित हो सकता है। आइए जानते हैं कि डैंड्रफ को दूर करने के लिए आप नारियल तेल और नींबू का इस्तेमाल कैसे कर सकते हैं। स्कैल्प की गंदगी के कारण भी आपके बालों में डैंड्रफ और हेयर फॉल की समस्या हो सकती है। इसे दूर करने के लिए आप नारियल तेल और नींबू का इस्तेमाल कर सकते हैं। नारियल तेल और नींबू में मौजूद विटामिन सी और एंटीबैक्टीरियल गुण आपके बालों को अच्छे से साफ करने के साथ स्कैल्प की भी गंदगी को दूर कर सकते हैं। इसे आप हफ्ते में एक बार लगा सकते हैं। इसके लिए आप नारियल तेल में कुछ बूंदें नींबू के रस की मिला लें। इसे मसाज करते हुए स्कैल्प पर लगाएं। फिर कुछ देर बार बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। इससे आपको काफी लाभ मिल सकता है।




बालों में डैंड्रफ की समस्या के कारण आपको खुजली, जलन और इंफेक्शन की दिक्कत हो सकती है। लेकिन इसे दूर करने के लिए आप नारियल तेल, नींबू का रस और दही मिलाकर लगा सकते हैं। दरअसल नींबू के रस में साइट्रिक एसिड और विटामिन सी पाए जाते हैं, वहीं नारियल तेल के एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। ये सभी पोषक तत्व आपके डैंड्रफ की समस्या को दूर कर सकते हैं। इससे बाल साफ और खुशबूदार बने रहते हैं।

बालों में डैंड्रफ की समस्या के कारण आपके स्कैल्प का पीएच लेवल बिगड़ सकता है। इससे बाल ड्राई और बेजान नजर आने लगता है। साथ ही डैंड्रफ की समस्या और बढ़ सकती है। बालों का पीएच लेवल सही करने के लिए आप नारियल तेल, नींबू का रस और पानी की कुछ मात्रा मिलाकर एक अच्छा पैक तैयार कर सकते हैं। इससे बालों की मसाज करने से पीएच लेवल सही हो सकता है।

बालों को जड़ों से मजबूत बनाने के लिए नारियल तेल और नींबू बहुत उपयोगी साबित हो सकता है। दरअसल नारियल तेल में मैग्नीशियम और जिंक जैसे गुण पाए जाते हैं, जो बालों को जड़ों से मजबूत बनाते हैं।

# कच्चा बादाम फेम अंजलि अरोड़ा पहुंचीं हाजी अली दरगाह

कंगना रनोट के शो ह्यलॉकअपह्ल में नजर आईं अंजलि अरोड़ा इन दिनों सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। ह्यकच्चा बादामह्ल गाने पर रील बनाकर फेमस हुईं अंजलि अरोड़ा के वायरल हो रही टटर की हर जगह चर्चा हो रही है। हालांकि अंजलि अरोड़ा अपनी तरफ से ये क्लियर कर चुकी हैं कि इस वीडियो में दिख रही लड़की वह नहीं हैं। लेकिन जब भी अंजलि अरोड़ा का कोई वीडियो सामने आता है तो लोग उन्हें उस वायरल MMS को लेकर ट्रोल कर देते हैं। अब हाल ही में अंजलि का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसे देखने के बाद वह फिर से ट्रोल्स के निशाने पर आ गई हैं। सोशल मीडिया सेंसेशन



अंजलि अरोड़ा का हाल ही में एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो को सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो में अंजलि अरोड़ा टाउन में हाजी अली दरगाह में दर्शन के लिए पहुंची। इस दौरान अंजलि बेज रंग के सूट में दिखाई दीं। अपनी गाड़ी से उतरकर अंजलि अरोड़ा ने मीडिया कैमरा के लिए कई पोज दिए। जहां कुछ फैंस को उनका ये वीडियो पसंद आया तो वहीं एक बार फिर से कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने निशाने पर अंजलि अरोड़ा आ गईं ह्ययूजर्स ने सोशल मीडिया पर साधा अंजलि अरोड़ा इस वजह से निशानाअंजलि अरोड़ा का ये वीडियो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

# टीम इंडिया एशिया कप में पाकिस्तान क्या किसी भी टीम को रौंद सकती है

## न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर का बयान



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप में डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर खेलने उतरेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबला का हर किसी को इंतजार है। टीम इंडिया को जीत का दावेदार माना जा रहा है लेकिन पिछली बार टी20 विश्व कप में हुए मुकाबले के बाद सभी सचेत भी हैं। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर स्कॉट स्टाइरिश ने भारतीय टीम को सबसे दमदार बताया है। उनका मानना है कि जैसा खेल टीम दिखा रही है वो किसी भी टीम को रौंद सकती है।स्टाइरिश ने रढडफ्ळर18 के शो पर कहा, ह्लजैसा कि हम सभी जानते हैं भारत के पास दुनिया की सबसे ताकतवर टी20 लीग है। मुझे लगता है कि आपको एक साथ मिलकर वैसी ही क्रिकेट खेलनी चाहिए, वो दम दिखाना चाहिए जो टीम के खिलाड़ियों को सबसे ज्यादा रास आता है। मुझे लगता है कि यही एक चीज थी जो पिछली बार के टी20 विश्व कप के दौरान भारतीय टीम ने मिस किया, इस चीज को अमल करने में टीम को दो मुकाबले लग गए। टीम को दो शुरूआती मुकाबले में हार मिली और जब विरोधी टीम पर हावी होकर खेलना शुरू किया, उन्होंने अपना असली खेल दिखाया और जो हुनर टीम के पास था उसका पूरा इस्तेमाल किया। मैं चाहता हूं कि भारतीय टीम वही खेल यहां एशिया कप के दौरान दिखाए। मैं चाहता हूं कि टीम इंडिया बाकी की सभी टीमों पर हावी होकर खेले और इस टीम के अंदर वो काबिलियत है। मेरे हिसाब से तो भारतीय टीम के अंदर वो काबिलियत है कि इस एशिया कप में किसी भी टीम को रौंद कर रख दे, इसमें पाकिस्तान की टीम भी शामिल है। लेकिन टीम ने अगर बेखौफ होने की जगह बीच का खेल दिखाया तो फिर मुझे नहीं लगता है कि ऐसा होने वाला है। मुझे लगता है कि इसी चीज पर थोड़ा सा पाकिस्तान को भी सोचने की जरूरत है। हां, उनको यहां पर काफी अच्छी टी20 कॉम्पिटिशन मिलने वाली है, ऐसा ही कुछ भारत के लिए भी होगा। मुझे नहीं लगता है कि यह कोई ऐसी चीज है जो इस मुकाबले को बयान करने वाला असली लम्हा होने वाला है।

## T20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले को लेकर फैंस में है इतनी डिमांड कि नहीं मिल रहे टिकट!



**नई दिल्ली।** 27 अगस्त से एशिया कप की शुरूआत हो रही है लेकिन 28 अगस्त को इस टूर्नामेंट का महामुकाबला खेला जाएगा जब भारत और पाकिस्तान की टीम आमने-सामने होंगी। अभी हाल ही में खबर आई थी कि फैंस में इस मैच को देखने के लिए गजब का उत्साह है। लोग टिकटों के लिए घंटो लाइन में लगे रहते हैं लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिल रहे। टिकटों की बिक्री का पहला बैच 15 अगस्त से शुरू किया गया था और केवल तीन घंटे में सारे टिकट बिक गए। लगातार मैच के टिकटों के दाम भी बढ़ाए जा रहे हैं। जिन टिकटों को 2,500 दिरहम में पहले तय किया गया था वह बढ़कर 5,500 दिरहम पहुंच गया है। सामान्य प्रवेश टिकट, जिसकी कीमत 250 दिरहम थी, को 2,500 दिरहम में फिर से बेचने के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

भारत-पाकिस्तान मुकाबले की यह दीवानगी यही नहीं रुकने वाली बल्कि टी20 वर्ल्ड कप में होने वाले मुकाबले को लेकर भी फैंस में टिकटों की जबरदस्त डिमांड है। 23 अक्टूबर को टी20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान की टीमें एमसीजी के मैदान पर भिड़ेंगी। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि इस मैच को देखने के लिए 90,000 से भी ज्यादा दर्शक स्टेडियम में मौजूद रहेंगे।

टी20 वर्ल्ड कप स्थानीय आयोजन समिति के सीईओ मिशेल एनराइट का कहना है कि भारत और पाकिस्तान कम्यूनिटी के लोगों में इस मैच को लेकर गजब का उत्साह है।

## मयंक अग्रवाल कर रहे खास शॉट का अभ्यास, वनडे टीम में जगह बनाने का इरादा



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर मयंक अग्रवाल ने टेस्ट क्रिकेट में अपनी जगह बनाई और फिर अचानक से खेल में आई गिरावट की वजह से इसे गंवा दिया। एक वक्त पर रोहित शर्मा के साथ पक्की ओपनिंग जोड़ी बनाने वाले इस खिलाड़ी ने अब वापस से फॉर्म हासिल कर लिया है। चोट के बाद वापसी करते हुए मयंक ने लिमिटेड ओवर क्रिकेट पर ध्यान लगाया है और टीम में जगह बनाने के लिए पसीना बहा रहे हैं।भारतीय सलामी बललेबाज मयंक अग्रवाल ने सीमित ओवरों का अपना करियर वापस पटरी पर लाने के लिए स्वीप और रिवर्स स्वीप शॉट को अपने खेल में जोड़ा है।

# विराट कोहली को आउट ऑफ फॉर्म नहीं मानते हैं राशिद खान



**नई दिल्ली ।** विराट कोहली के फिटनेस की तारीफ उनके साथी खिलाड़ी के अलावा कई पूर्व दिग्गज भी कर चुके हैं। हाल ही में टीम के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने विराट के फिटनेस को लेकर कहा था कि इस मामले में कोई भी क्रिकेटर उनके आस-पास नहीं है। इस कड़ी में एक और नाम जुड़ गया है। अफगानिस्तान के स्पिन गेंदबाज राशिद खान ने विराट कोहली को लेकर ऐसा ही एक किस्सा शेयर किया है जब वह उन्हें देखकर पूरी तरह से अचंभित रह गए थे।विराट कोहली के लिए आइपीएल 2022 का सीजन खास नहीं गया था। बावजूद इसके राशिद खान ने गुजरात और आरसीबी के बीच मैच से पहले का एक किस्सा सुनाया जब वह कोहली को प्रैक्टिस करते देख चौंक गए थे। राशिद ने कहा कि आइपीएल के दौरान, आरसीबी के खिलाफ अगले दिन हमारा एक मैच था। नेट्स में, मैं विराट के नेट्स से बाहर जाने के समय पर नजर रखे हुए था। ईमानदारी से कहूं तो उसने ढाई घंटे तक बल्लेबाजी की। मैं ऐसा हैरान हुआ क्योंकि हमारा प्रैक्टिस सेशन खत्म हो गया था फिर भी वह बल्लेबाजी कर रहे थे। अगले दिन उन्होंने हमारे खिलाफ 70 रन बनाए। उसकी मानसिकता बहुत सकारात्मक है।

# मुंबई में गणेशोत्सव को लेकर लोगों में गजब का उत्साह, मूर्तियों की खरीदारी शुरू



मुंबईः मुंबई गणेशोत्सव 2022 के लिए पूरी तरह तैयार है। कोविड के कारण बीते दो साल इस दस दिवसीय त्योहार की रौनक नहीं दिखी लेकिन इस बार गणेश चतुर्थी मनाने के लिए भक्त अधिक उत्साहित हैं। शहर में त्योहार से पहले जुलूस के दौरान भक्तों द्वारा गणपति की मूर्तियों को ले जाया गया। इस साल यह त्योहार 31 अगस्त को मनाया जाएगा।

- मूर्तिकार पराग पारधी ने 14 फीट ऊंची भगवान गणेश की मूर्ति को कागज की लुगदी से तैयार किया है। इस मूर्ति को देखने के लिए भक्त ह्यएल्फिंस्टन चा राजा गणेशोत्सव मंडल जा सकते हैं। पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे इसलिए मूत्रिकार इको फ्रेंडली मूर्तिया तैयार कर रहे हैं। वहीं भक्त भी पर्यावरण को लेकर जागरुक हैं और इसी तरह की मूर्तियों की मांग कर रहे हैं।

-10 दिवसीय गणेश उत्सव के लिए भक्त चमकीले कपड़े और अन्य सजावटी सामान खरीद रहे हैं। दरअसल सामूहिक कार्यक्रमों के अलावा भी गणपति के भक्त अपने अपने घरों में गणपति की स्थापना कर उनकी पूजा करते हैं। जिसके लिए घरों में खास सजावट की की जाती है।

-त्योहार के लिए पंडाल बनाने में प्रयोग किए जाने वाले विभिन्न डिजाइन के कपड़े दिखाते दुकानदार।

# 26/11 जैसे आतंकी हमलों की धमकी वाले चार फोन बंद होने से बढ़ी चिंता

## महाराष्ट्र पुलिस कर रही है जांच



मुंबई : मुंबई ट्रैफिक पुलिस के वाट्सएप नंबर पर साझा किए गए 26/11 जैसे आतंकी हमलों की धमकी देने वाले चार मोबाइल फोन नंबरों को इस साल फरवरी और अगस्त के बीच बंद कर दिया गया है। ये खुफिया एजेंसियों और मुंबई अपराध शाखा के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं। मुंबई ट्रैफिक पुलिस को पिछले सप्ताह उसके वाट्सएप नंबर पर धमकी मिली थी। इसके बाद मामले की जांच के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच की एक विशेष टीम का गठन किया गया था। सूत्रों के अनुसार एक अज्ञात व्यक्ति जिसके पाकिस्तान में होने का संदेह है, द्वारा भेजे गए धमकी संदेश में ट्रैफिक पुलिस के वाट्सएप पर 10 नंबर साझा किए और दावा किया कि ये लोग 26/11 की तरह के आतंकवादी हमले की साजिश रच रहे हैं। मुंबई क्राइम ब्रांच के सूत्रों ने बताया है कि नौ नंबर उत्तर प्रदेश के हैं। इनमें से आठ बिजनौर और एक मुजफ्फरनगर जिले का है जबकि एक अन्य नंबर हरियाणा राज्य का है। क्राइम ब्रांच ने उत्तर प्रदेश एटीएस की मदद से बिजनौर के पांच नंबरों का पता लगाया, जिनमें से चार यूपी में हैं और एक महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई शहर में मिला है। वसई पहुंचा व्यक्ति पेशे से नाई है और इस सप्ताह ही शहर में आया था। उससे चार दिनों से पूछताछ की जा रही है। अन्य मोबाइल धारकों से यूपी में पूछताछ की जा रही है।

URGENTLY REQUIRED FEMALE STAFF

VACANCY VACANCY

ICON OPTICAL GALLERY

Urgently Required Female Staff Accountant Cum Sales Girl For Counter Sell.

Note : Must Have Computer Operating Knowledge

Contact Us : 9819292152

Shop No. 52, R.N.A. Arcade, Lokhandwala Complex, Andheri (West), Mumbai - 400 053

murtaza12152@yahoo.com

TASNEEM COLLECTION

Online Shopping Hub

Only of Ladies Bags, Kurtis, Accessories

Kitchen & Household items

Baby products

Plastic items

And much more......all under one roof

Best business apportunity for housewives to become reseller & earn at zero investment

Farida Rampurawala : 8898065152

RH 1, C 26 row house number, Swamy Ayyappam temple road, Sector. 8, New Mumbai, Vashi-400 703

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट , ऑफ आरे रोड , प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास , गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित । संपादक : मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997

T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेल : newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net